<u>प्रेस नोट</u>

फतेहपुर- थाना खागा पुलिस को मिली बड़ी सफलता। थाना क्षेत्रांर्तगत लूट तथा थाना कोतवाली में घटित टप्पेबाजी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार, कब्जे से माल मशरुका सोने की जंजीर का टुकड़ा, एक अदद मोबाइल, 1300/- व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल किया बरामद।

संक्षिप्त विवरणः—दिनांक 09.07.2024 को श्री मोनू सिंह पुत्र महेश सिंह उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम कटोघन थाना खागा जनपद फतेहपुर द्वारा थाना खागा पर तहरीरी सूचना दिया कि दिनांक 07.07.2024 प्रार्थी अपनी मां को मोटरसाइकिल पर बैठाकर गांव जा रहा था कि शाम 6.40 बजे जैसे ही कटोघन पुल के पास पहुंचा तो पीछे से मोटरसाइकिल सवार 04 लोगों द्वारा गाड़ी रुकवा कर मारपीटा तथा गले में पहने सोने की जंजीर को खिचने लगे, जिससे वह टूट गया, शोर मचाने पर आसपास के लोगों को देखकर आरोपी भाग गये। इस सूचना पर थाना खागा पर मु0अ0सं0 184/24 धारा 309(4)/(6), 317(2)/(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया था, जिसकी विवेचानात्मक कार्यवाही के क्रम आज दिनांक 10.07.2024 को थाना खागा पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना पर अभियुक्त रोहित मौर्या को गिरफ्तार किया गया, कब्जे से माल मशरुका बरामद करते हुए गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया।

अनावरित घटनाः—दिनांक 07.07.2024 की सुबह थाना कोतवाली क्षेत्रांर्तगत वर्मा तिराहा के पास 02 अज्ञात व्यक्तयों द्वारा वादिनी को विश्वास में लेकर धोखे से उसका जेवरात लेकर चले जाने की घटित घटना के सम्बंध में पंजीकृत अभियोग मु0अ0स0 313/24 धारा 318(2)/(4) बीएनएस थाना कोतवाली नगर जनपद फतेहपुर।

<u>गिरफ्तारी का स्थान दिनांक व समयः—</u>
अकोढ़िया मोड़, 10.07.204 समय 10.13 बजे।

<u>गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-</u>
रोहित मौर्या पुत्र शिवगोवर्धन उम्र 30 वर्ष नि0 सम्भुई थाना सैनी जनपद कौशाम्बी हालमुकाम ग्राम लौगांव थाना गाजीपुर जनपद फतेहपुर।

<u>प्रकाश में आये वांछित अभियुक्तगण-</u>
1-नन्दलाल गुप्ता पुत्र दहारी गुप्ता नि0 शिवपुर थाना कसिया जनपद कुशीनगर व 2-अभिषेक यादव नि अज्ञात 3-नन्द लाल गुप्ता का एक अन्य साथी नाम पता अज्ञात।

<u>आपराधिक इतिहास आभियुक्त रोहित मौर्या-</u>
मु0अ0सं0 184/24 धारा 309 (4)/(6), 317(2)/(4) बीएनएस थाना खागा जनपद फतेहपुर।
मु0अ0सं0 313/24 धारा 318(2)/(4) बीएनएस थाना कोतवाली जनपद फतेहपुर।

<u>बरामदगी</u>
1- लूटी गयी सोने की जंजीर का टुकड़ा(सम्बंधित मु0अ0सं0 184/24 थाना खागा)
2- घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल नं0 UP73AA92851
3- एक अदद मोबाइल
4-1300/- (सम्बंधित मु0अ0सं0 313/24 थाना कोतवाली)

<u>गिरफ्तार करने वाली टीम</u>

1. उ0नि0 विकास सिंह चौकी प्रभारी मझिलगांव थाना खागा फतेहपुर
2. उ0नि0 बिन्धेश कुमार गिरि, 3. हे0का0 अतुल श्रीवास्तव, 4.हे०का० आत्माराम मिश्रा, 5. हे0का0 अनिल कुमार सिंह थाना, 6. का0 सुधाकर सिंह, 7. का0 वरूण कुमार, 8. का अमित यादव